4066(E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक– 16/6/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत Construction of Amnour Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-5.15 Km.) for the year 2022-23 (Under CRIF) कार्य के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

**2.** मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1220(अनु०) दिनांक–20.04.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Amnour Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-5.15 Km.) for the year 2022-23 (Under CRIF) |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹6923.06 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–5060(एस०) दिनांक–30.09.2022 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3850.85 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–511(अनु०) दिनांक–23.11.2023 |
| 2.4 | संशोधित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹7446.85 लाख।<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3133(अनु०) दिनांक–26.09.2025 |
| 2.5 | एकरारनामा संख्या | : | 04/SBD/2024-25 |
| 2.6 | एकरारनामा की राशि | : | ₹3800.12806 लाख। |
| 2.7 | संवेदक का नाम | : | M/s Sunny Contractors and Engineers Pvt. Ltd. |

2.8 एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि : 29.07.2024

2.9 एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि : 29.01.2026

2.10 माँग की गई समयवृद्धि की तिथि : 28.06.2027

3. **समयवृद्धि का कारण** :–

कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि:–

(i) भूमि अधिग्रहण अभी प्रक्रियाधीन है एवं क्षेत्रीय स्तर पर भू–अर्जन कार्यालय से सम्पर्क स्थापित कर मुआवजे का भुगतान करने हेतु स्थल पर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन भू–अर्जन कार्यालय द्वारा भुगतान की गति काफी धीमी है, जिससे भू–अर्जन होने में काफी कठिनाई हो रही है।

(ii) यह पथ पूर्ण रूप से ग्रीनफील्ड से होकर गुजर रही है, जिसमें 100% भूमि अधिग्रहण होना है। कार्यपालक अभियंता द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के अनुसार दिनांक–16.04.2026 तक कुल 17 रैयतों का भुगतान (कुल–408 रैयतो में से) किया जा चुका है। शेष जमीन अधिग्रहण नहीं होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है, जिससे कार्य ससमय समाप्त नहीं हो पाया।

(iii) स्थानीय लोगों को जमीन के अधिग्रहण के एवज में मुआवजा की राशि मिलने में काफी विलम्ब हुआ है। कुल 408 रैयतों में मात्र 17 रैयतों का भुगतान किया गया है तथा शेष का भुगतान प्रक्रियाधीन है, इसके कारण रैयतों द्वारा बलपूर्वक कार्य नहीं करने दिया गया, जिससे कार्य प्रभावित हुआ।

(iv) जमीन अधिग्रहण के लिए ₹2300.00 लाख का भुगतान जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सारण (छपरा) को किया जा चुका है। जमीन अधिग्रहण के एवज में आवंटित राशि में से ग्रामीणों को अबतक ₹141.511 लाख मात्र का भुगतान किया गया है एवं बाकी लोगों के भुगतान में हो रहे विलम्ब के कारण भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में अप्रत्याशित विलम्ब हुआ, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ।

(v) सात मौजों में कुल 46.1477 एकड़ भूमि की पथ निर्माण हेतु आवश्यकता है जबकि अभी तक भूमि अधिग्रहण प्रक्रियाधीन है, जिसके कारण कार्य बाधित है।

अवरोध के कारण कुल–515 दिन कार्य प्रभावित रहा एवं इसी के अनुसार समयवृद्धि का प्रस्ताव समर्पित किया जा रहा है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय** :–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा उक्त वर्णित विलम्ब के कारणों के आलोक में सम्यक् विचारोपरान्त् दिनांक–28.06.2027 तक समयवृद्धि की स्वीकृति की अनुशंसा विभागीय निविदा समिति से करने का निर्णय लिया गया। विस्तारित अवधि में विभागीय पत्रांक–793(S) दिनांक–15.02.2023 के आलोक में Price Neutralization देय होगा।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1220(अनु०) दिनांक–20.04.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल, सोनपुर के अन्तर्गत **Construction of Amnour Bypass Road in Saran (Chapra) District (Total Length-5.15 Km.) for the year 2022-23 (Under CRIF)** (एकरारनामा संख्या–**04/SBD/2024-25)** हेतु दिनांक–28.06.2027 तक समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16/06/26<br>(मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 16/06/26<br>(सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 16/06/26<br>(उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

**ज्ञापांक–प्र०–7 / विविध(स०वृ०)–04–12 / 2026** 4066(E) **पटना, दिनांक** 17/6/2026

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, सारण पथ अंचल, हाजीपुर / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सोनपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।